छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल

व्यवसायिक परिसर, छत्तीसगढ़ हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी,
कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.) 492099

:: कार्यालय आदेश ::

क्रमांक /मु./वैज्ञा./छ.ग.प.सं.मं./2016 रायपुर, दिनांक / /2016

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में परिसंकटमय अपशिष्ट (प्रबंधन, हथालन एवं सीमापार संचलन) नियम, 2008 के तहत् प्राधिकार/नवीनीकरण आवेदनों के निराकरण हेतु "ऑन लाईन कन्सेन्ट मेनेजमेन्ट एन्ड मॉनिटरिंग सिस्टम" के अंतर्गत ऑन लाईन आवेदन करने की सुविधा प्रारंभ की जा रही है। उद्योगों द्वारा स्थापना सम्मति/संचालन सम्मति/सम्मति नवीनीकरण हेतु ऑन लाईन आवेदन "www.cgocmms.nic.in" में जाकर "इण्डस्ट्री लाग इन" के माध्यम से किया जा रहा है। उद्योगों को ऑन लाईन आवेदन करने संबंधी सहायता के लिए हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है। जिस आईडी–पासवर्ड से उद्योग स्थापना सम्मति/संचालन सम्मति/सम्मति नवीनीकरण हेतु ऑन लाईन आवेदन कर रहे है, उसी आईडी–पासवर्ड से "ऑन लाईन कन्सेन्ट मेनेजमेन्ट एण्ड मॉनिटरिंग सिस्टम" के अंतर्गत परिसंकटमय अपशिष्ट (प्रबंधन, हथालन एवं सीमापार संचलन) नियम, 2008 के तहत् प्राधिकार/नवीनीकरण हेतु भी ऑन लाईन आवेदन कर सकेंगे। **अतः दिनांक 26 फरवरी, 2016 से छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल में परिसंकटमय अपशिष्ट (प्रबंधन, हथालन एवं सीमापार संचलन) नियम, 2008 के तहत् प्राधिकार/नवीनीकरण आवेदन "ऑन लाईन कन्सेन्ट मेनेजमेन्ट एण्ड मॉनिटरिंग सिस्टम" के अंतर्गत केवल ऑन लाईन के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेगे।**

"ऑन लाईन कन्सेन्ट मेनेजमेन्ट एण्ड मॉनिटरिंग सिस्टम" संबंधी किसी भी स्पष्टीकरण अथवा समस्या निराकरण हेतु मुख्यालय के हेल्प डेस्क में श्री राहुल सोनी (मो. न. 8818909766) से संपर्क किया जा सकता है।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
रायपुर (छ.ग.)

पृ कमांक 5809 /मु./वैज्ञा./छ.ग.प.सं.मं./2016 रायपुर, दिनांक15/2/2016

प्रतिलिपि :–

1. मुख्य अभियंता (प्रभारी) समस्त अतिरिक्त मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, मुख्य रसायनज्ञ, वैज्ञानिक एवं अधीनस्थ कर्मचारियों, मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित।
2. क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर/बिलासपुर/दुर्ग/रायगढ़/कोरबा/जगदलपुर/अम्बिकापुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
3. जनसंपर्क अधिकारी, मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर की ओर प्रेषित कर लेख है कि इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जावे।
4. कार्यालय में नोटिस बोर्ड।

24/2/16

सदस्य सचिव

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,

रायपुर (छ.ग.)